हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

सोमवार 13 जुलाई 2026 वर्ष 02 अंक 182 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

जीवन में शांति चाहते हैं तो दूसरों की शिकायतें करने से बेहतर है खुद को बदल लें। क्योंकि पूरी दुनिया में कारपेट बिछाने से खुद के पैरों में चप्पल पहन लेना अधिक सरल है।

## मुजफ्फरपुर को ₹1,260 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात, सिकंदरपुर लेक फ्रंट का लोकार्पण




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पटना(बिहार)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुजफ्फरपुर में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिले को विकास परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी। उन्होंने ₹1,047.09 करोड़ की लागत से 982 विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इसके साथ ही ₹213.25 करोड़ की लागत से विकसित सिकंदरपुर लेक फ्रंट का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक फव्वारों, आकर्षक लाइटिंग और सुंदर कलाकृतियों से सुसज्जित सिकंदरपुर लेक फ्रंट मुजफ्फरपुर की नई पहचान बनेगा और पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मुजफ्फरपुर में आर्किटेक्चर एवं सिविल इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा तिरहुत टाउनशिप विकसित करने की भी घोषणा की गई, जिससे क्षेत्र में नियोजित शहरी विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुजफ्फरपुर एयरपोर्ट का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। वहीं पटना–मुजफ्फरपुर रैपिड रेल कॉरिडोर के निर्माण के बाद दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय घटकर लगभग 40 मिनट रह जाएगा। उन्होंने कहा कि हल्दिया–रक्सौल हाईवे के निर्माण से मुजफ्फरपुर की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी तथा पूर्वी भारत के साथ व्यापार और आवागमन को नई गति मिलेगी।सम्राट चौधरी ने कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीतामढ़ी में माता सीता के भव्य मंदिर का निर्माण बिहार की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर बिहार की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा रहा है।

## एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर रचा इतिहास, एशियाई एथलेटिक्स में दो पदक जीतने वाले बिहार के पहले खिलाड़ी बने

### एशियाई अंडर–23 एथलेटिक्स चौंपियनशिप में बिहार के सेतु मिश्रा का ऐतिहासिक प्रदर्शन




**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट पटना(बिहार)।** बिहार के उभरते एथलीट सेतु मिश्रा ने चीन में आयोजित एशियाई अंडर–23 एथलेटिक्स चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि सेतु ने प्रतियोगिता में भारत के लिए 4×400 मीटर मिश्रित रिले में स्वर्ण पदक तथा पुरुष 4×400 मीटर रिले में रजत पदक जीतकर बिहार का गौरव बढ़ाया है। पुरुष 4×400 मीटर रिले के फाइनल में सेतु मिश्रा ने भारतीय टीम के लिए तीसरा लेग दौड़ा। उन्होंने चीन के धावक को कड़ी टक्कर देते हुए टीम की बढ़त बनाए रखी और अंतिम धावक को बेहतरीन स्थिति में बैटन सौंपा। सेतु द्वारा बनाए गए इस महत्वपूर्ण अंतर का लाभ उठाते हुए भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और रजत पदक अपने नाम किया। इससे पहले 4×400 मीटर मिश्रित रिले स्पर्धा में भी सेतु भारतीय टीम का हिस्सा रहे, जहां टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रगान की गूंज के बीच भारत को शीर्ष स्थान दिलाया। सेतु मिश्रा की यह उपलब्धि बिहार के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ती है। वे एशियाई एथलेटिक्स चौंपियनशिप में दो पदक जीतने वाले बिहार के पहले एथलीट बन गए हैं।इस ऐतिहासिक सफलता पर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण तथा खेल विभाग की ओर से सेतु मिश्रा और भारतीय टीम को बधाई देते हुए श्री शंकरण ने कहा कि यह उपलब्धि बिहार के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सेतु भविष्य में भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत और बिहार का नाम रोशन करते रहेंगे।






## मंत्री श्रवण कुमार ने 19.34 लाख से बनी योजनाओं का किया उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांवों को बनाया स्मार्ट – श्रवण कुमार



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने रविवार को नगर परिषद राजगीर राजगीर के वार्ड संख्या 14 कटारी गांव में 19 लाख 34 हजार 200 रुपये की लागत से बने ईट सो. लिंग, पीसीसी कार्य का उद्घाटन किया। मंत्री ने कटारी गांव में 9 लाख 96 हजार 100 रुपये की लागत से देवी स्थान से महेन्द्र के खेत के आगे तक ईंट सोलिंग, पीसीसी निर्माण कार्य व 9 लाख 38 हजार 100 रुपये की लागत से कारू के खेत के आगे तक मिट्टी भराई, ईट सोलिंग, व पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन किया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जब तक गांवों का विकास नहीं हो जाता है तब तक किसी राज्य का असल में विकास नहीं हो सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच थी कि गांवों का विकास किया जाय। इसके लिए ही उन्होंने मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना चलाकर गांवों को विकसीत करने का काम किया। गांवों को स्मार्ट बनाने का काम किया। आज गांव में लोगों को शहर के जैसी सुविधा मिल रही है। चाहे बिजली हो या नल का जल लोगों तक आसानी से पहुंच रहा है। हर गांव में लोगों के लिए शौचालय बनाये गये हैं। सूबे की मौजूदा एनडीए सरकार और केन्द्र की सरकार मिलकर लोगों के विकास के लिए काम कर रही है। किसान हो चाहे अन्य लोग सबों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इससे वे आगे बढ़ रहे हैं। राजगीर को पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विश्व पटल पर उभारने का काम किया। इसका ही नतीजा है कि आज यहां पर देश के कोने–कोने से लोग पहुंच रहे हैं। पूरे बिहार में पर्यटन स्थलों का विकास किया गया। इसी कारण अब गोवा से भी अधिक पर्यटक बिहार आते हैं। मौजूदा एनडीए सरकार में हर वर्ग के लोगों का काम हो रहा है। सूबे में शिक्षा हो चाहे स्वास्थ्य हर क्षेत्र में काफी बदलाव हुआ है। सूबे की महिलाएं जीविका से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं। सूबे की सरकार समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के विकास के लिए काम कर रही है। सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि एनडीए की सरकार में काफी काम हो रहा है। हर तरफ विकास का काम चल रहा है। सूबे में अमन चौन कायम है। इस मौके पर नगर परिषद की सभापति जीरो देवी, जदयू नेता मुन्ना कुमार, जदयू नेता सुबेन्द्र राजवंशी, वार्ड पार्षद श्यामदेव राजवंशी, जदयू के पूर्व नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, मेयार के पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार चंचूल, जदयू नेता अजीत कुमार वर्मा, देवेन्द्र कुशवाहा, अजय पासवान, मीरा कुमारी, अलेन्द्र प्रसाद सिन्हा, अजय कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## गर्म कुंड के बचाव के लिए चलाया गया हस्ताक्षर अभियान 19 जुलाई को धरोहर बचाओ महापंचायत का होगा आयोजन




**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** पर्यटक नगरी राजगीर में रविवार को राजगीर विकास समिति द्वारा गर्म कुंड झरना के बचाव के लिए पटेल चौक पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। वक्ताओं ने कहा कि 19 जुलाई को होने वाली धरोहर बचाओ महापंचायत को सफल बनाना है। राजगीर विकास समिति के अध्यक्ष उमराव प्रसाद निर्मल ने कहा कि कुंड क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण के कारण ब्रह्म कुंड, सूर्य कुंड, सरस्वती कुंड सहित कई ऐतिहासिक कुंडों पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। उपेन्द्र कुमार विभूति ने कहा कि हस्ताक्षर की प्रति महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, लो. कसभा अध्यक्ष, बिहार के मुख्यमंत्री, विधानस. भा अध्यक्ष, राज्यपाल, सांसद, विधायक, जिला पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को भेजी जाएगी। इस मौके पर समाजसेवी अनिता कुमारी गुप्ता ने कहा कि राजगीर की पहचान से जुड़ी इन कुंडों को बचाना सिर्फ एक समिति का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के ला. गों की जिम्मेदारी है। इस मौके पर प्रोफेसर सुधीर मालाकार, मनोहर कुमार चौधरी सुखनारायण प्रसाद गुप्ता, रमेश कुमार पान गोपाल भदानी, राजेन्द्र राजवंशी, बलराम तांती, नारायण प्रसाद, रंजीत कुमार, सुरेंद्र प्रसाद यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# बेटे के साथ सो रहे पिता की सिर में गोली मारकर हत्या, केसरी बिगहा गांव में घर में घुसकर 4–5 बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

## 4 माह पहले ही जेल से छूटा था मृतक, आपसी रंजिश में हत्या की आशंका

**केशववाणी राजगीर(नालंदा)।** छबिलापुर थाना क्षेत्र के केसरी बिगहा गांव में शनिवार की देर रात घर में बेटे के साथ सो रहे 45 वर्षीय व्यक्ति की बदमाशों ने सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान साजो यादव के पुत्र छोटे यादव के रूप में हुई है। वह चार माह पहले ही जेल से छूटकर बाहर आया था। वारदात को पुरानी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। घटना के बाद परिजनों का रो–रोकर हाल बेहाल है। मृतक के बेटे गोलू कुमार ने बताया कि रात में उनके पिता उसके साथ ही सोए हुए थे। इसी दौरान चार–पांच की संख्या में हरवे–हथियार से लैस बदमाश घर में घुसे और पिता के सिर में सटाकर गोली मार दी। मृतक के भाई सुनील यादव ने बताया कि गांव में साल 2019 से चुनावी रंजिश और वर्चस्व को लेकर विवाद चला आ रहा है। परिजनों द्वारा पट्टीदारों पर हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। सुनील ने बताया कि पुरानी दुश्मनी के कारण ही कुछ वर्ष पहले उनके भतीजे रवि कुमार की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि मृतक छोटे यादव चार–पांच महीने पूर्व ही जेल से बाहर आया था।



उस पर गांव के ही मुन्नी यादव की हत्या का आरोप था, जिसकी करीब चार साल पहले हत्या हुई थी। हालांकि परिजन अभी घटना के स्पष्ट कारणों पर ज्यादा कुछ नहीं बोल रहे हैं।

**एफएसएल की टीम कर रही जांच**

डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि रात करीब एक बजे पुलिस को घटना की सूचना मिली थी। इसके बाद थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र करने के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस तकनीकी और मानवीय सूचना तंत्र के आधार पर जांच कर रही है, जल्द ही हत्यारों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कार्यकर्ताओं से मिले जद (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीश कुमार, आत्मीय संवाद से बढ़ाया उत्साह



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बिहार के विकास के सूत्रधार, पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य नितीश कुमार ने पटना स्थित 7, सर्कुलर रोड आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए सम्मानित जनों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सभी का कुशलक्षेम जाना तथा संवाद के माध्यम से उनका उत्साहवर्धन किया। नितीश कुमार ने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों, जनसरोकारों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करते हुए उन्हें जनता के बीच सक्रिय रहकर पार्टी की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी राजनी. तिक दल की सबसे बड़ी ताकत होते हैं और उनके समर्पण एवं परिश्रम से ही संगठन मजबूत बनता है। मुलाकात के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से भेंट कर अपने–अपने क्षेत्र की गतिविधियों एवं संगठनात्मक कार्यो की जानकारी साझा की। नितीश कुमार ने सभी की बातों को गंभीरता से सुना और उन्हें निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार, बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन सर्राफ, लोकप्रकाश सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती तथा आगामी राजनीतिक एवं सामा. जिक गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की। जद (यू) नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं से नियमित संवाद संगठन को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है और इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल लगातार बढ़ रहा है।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# नालंदा में युवक का शव फंदे से लटका मिला

## हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत साठोपुर गांव में एक युवक का शव फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही दीपनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पा. ेस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया। मृतक की पहचान साठोपुर गांव निवासी अभिषेक के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उसका शव फंदे से लटका हुआ मिला। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई।ि. फलहाल पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मामला आत्महत्या का है या फिर हत्या के बाद शव को फंदे से लटकाया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। दीपनगर थाना पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हरनौत बाजार से सीएनजी ऑटो चोरी

## सीसीटीवी में कैद हुई घटना, परिवार की रोजी–रोटी पर गहराया संकट

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र के आदर्श नगर मुहल्ले से पश्चिम स्थित डीहपर से एक सीएनजी ऑटो (बीआर21पी 9402) चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। पूरी घटना मुहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि चोर सीएनजी लेकर देवी स्थान मंदिर से होकर रांची रोड़ पर आता है और उत्तर दिशा में बख्तियारपुर की ओर चला जाता है।साथ में सीएनजी ऑटो के पीछे एक बाईक पर दो लोग सवार जा रहा है। घटना बीते तीन जुलाई के रात की है।इसको लेकर सबनहुआ. डीह गांव के निवासी गणेश यादव के पत्नी पार्वती देवी ने थाने में प्राथमिकी दर्ज( कांड संख्या 307/26)कराई और सीएनजी ऑटो बरामदगी की गुहार लगाई है। मगर आठ दिन बीत जाने बाद भी पुलिस की हाथ खाली है।जानकारी के अनुसार, ऑटो चालक गणेश यादव हर दिन की भांति डीह पर स्थित एक व्यक्ति के मकान के पीछे खड़ी करके सोने के चले गये। लेकिन सुबह जब मकान के पीछे पास खड़ी अपनी गाड़ी लेने पहुंचे। तो चोरी का पता चला,जब वे आसपास के लोगों से पूछताछ कि कोई पता नहीं चला। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि चोर देर रात योजनाबद्ध तरीके से आए और ऑटो लेकर फरार हो गए।ऑटो मालिक ने बताया कि ढाई वर्ष पहले ईएमआई पर यह गाड़ी खरिदे थे। इसमें हर महिने करिब 8 हजार रुपए किस्ती भी जमा होता था। इसमें 17 किस्ती अभि बाकि है। बताया कि यह वाहन उसके परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन था। हर रोज चार सौ से पांच रुपए कमा लेते थे।ऑटो चोरी होने से परिवार के सामने रोजगार का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। बाजार वासियों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में डर का माहौल है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। स्थानीय नागरिकों ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों को पकड़ना चाहिए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। वहीं थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है अनुसंधान की जिम्मेदारी थाने में तैनात एएसआई कृष्णा प्रसाद को मिली है। वहीं एएसआई कृष्णा ने कहा कि अभि कुछ पता नहीं चला है।

# नालंदा में बंद घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, नकद और जेवरात लेकर फरार हुए चोर

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट नूरसराय(नालंदा)।** नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र के नौसरा गांव में चोरों ने बंद पड़े एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही नूरसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बेगूसराय में पदस्थापित डिप्टी डायरेक्टर अमरजीत कुमार के बंद पड़े घर का मुख्य दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोर अंदर घुस गए। इसके बाद चोरों ने घर में रखे गोदरेज और ट्रंक के ताले तोड़कर करीब 3 लाख रुपये नकद तथा लगभग 8 लाख रुपये मूल्य के सोने–चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। बताया जा रहा है कि घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था, जिसका फायदा उठाकर चोर आराम से चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। चोरी की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।



घटना की सूचना मिलते ही नूरसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ–साथ अन्य तकनीकी साक्ष्य जुटाने में लगी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी में शामिल अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद का बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ ने किया भव्य स्वागत



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ, नालंदा के शिष्टमंडल ने नवपद. स्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) हेमचंद से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर गर्मजोशी से सम्मानित किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के नालंदा जिलाध्यक्ष सह हरनौत प्रखंड क्षेत्र में स्थित नेहूसा विद्यालय के शिक्षक प्रकाश चंद्र भारती ने की। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे संघ के पदाधिकारी, सदस्य एवं शिक्षकों ने शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा शिक्षकों से जुड़े लंबित मामलों पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद ने शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि नालंदा जिले में शिक्षकों से संबंधित जितने भी लंबित कार्य हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग पूरी पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करेगा, ताकि शिक्षकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर आकाश रंजन, संजय कुमार, शैलेंद्र कुमार, राजीव रंजन, सीताराम प्रसाद, संतोष कुमार, राजीव रंजन पांडे, संजीव कुमार, नीरज कुमार सहित हरनौत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के दर्जनों शिक्षक एवं संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा नालंदा की जिला मासिक बैठक आयोजित, संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों पर हुआ मंथन

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नालंदा की जिला मासिक बैठक रविवार को जिला अध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के प्रदेश मंत्री सह नालंदा जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने पिछले दिनों आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए जिला पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपने–अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना ने कहा कि कार्यकर्ता ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत और संगठन के मजबूत स्तंभ हैं। पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के मान–सम्मान का पूरा ध्यान रखती है। उन्होंने बां. कीपुर विधानसभा उपचुनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि बूथ एवं मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं को पार्टी द्वारा उम्मीदवार बनाए जाने से यह स्पष्ट संदेश जाता है कि भाजपा निष्ठापूर्वक कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को बड़ी जिम्मेदारियां सौंपती है




और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देती है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर कार्य करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता पर पार्टी की नजर रहती है और उनकी मेहनत के अनुरूप उन्हें सम्मान एवं जिम्मेदारी मिलती है।जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे संगठन को मजबूत बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, सुधीर कुमार, साबो देवी, तेजस्विता राधा, डॉ. आशुतोष कुमार, नीरज कुमार (डब्ल्यू), शिवशंकर दास, जिला महामंत्री वीरेन्द्र गोप एवं शिवरतन प्रसाद, जिला मंत्री प्रवीण कुमार सिंह, अमरेश कुमार एवं योगेंद्र मंडल, सह कोषाध्यक्ष उजाला कुमार सोनी, कार्यालय मंत्री गोपाल कुमार, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार चंद्रवंशी, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष मणिकांत पासवान, सुभाष सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन, संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता पर दिया गया जोर

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वावधान में नालंदा जिले में संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार, जिला उपाध्यक्ष सेंटर, मीडिया प्रभारी निराला तथा राजगीर विधानसभा प्रभारी राहुल रावण ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भीम आर्मी बिहार प्रदेश अध्यक्ष अमर ज्योति पासवान ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य संविधान के मूल सिद्धांतों–न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व–के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना तथा नागरिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी देना है। उन्हा. ने कहा कि संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह संविधान का सम्मान करे और उसके मूल्यों की रक्षा के लिए सजग रहे। सम्मेलन में संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, राज्य के नीति–निर्देशक तत्व, सामा. जिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों, शिक्षा, रोजगार, आरक्षण, कानून के शासन तथा संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने संविधान की भावना के अनुरूप सामाजिक समरसता, समान अवसर और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज में सं. विधान के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना तथा भाईचारे, समावेशिता और संवैधानिक चेतना को सुदृढ़ करना है। साथ ही लोगों को अपने अधिक. ारों के साथ–साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक करने का संदेश दिया गया।




# सृष्टि के रचनाकार हैं भगवान शिव – प्रवचनकर्ता मनोज कुमार



**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर नगर के गया रोड स्थित वृंदावन वाटिका में रविवार को आयोजित शिव महापुराण कथा एवं प्रवचन कार्यक्रम में शिव भक्त प्रवचनकर्ता मनोज कुमार उर्फ मंटू जी ने महिलाओं और श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव ही सृष्टि के रचनाकार और परमात्मा हैं तथा संपूर्ण सृष्टि उनकी इच्छा का परिणाम है। जब तक मनुष्य का अपने सृष्टिकर्ता से जुड़ाव नहीं होगा, तब तक उसके जीवन का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज संसार में जो भी विकास दिखाई देता है, वह भगवान शिव की कृपा से ही संभव हुआ है। प्रवचन के दौरान मनोज कुमार ने बताया कि माता भगवती ने भगवान शिव से सृष्टि के रहस्य के बारे में प्रश्न किया था। तब भगवान शिव ने उन्हें सृष्टि का संपूर्ण ज्ञान प्रदान किया। इसी कारण भगवान शिव को प्रथम गुरु और माता भगवती को प्रथम शिष्या माना जाता है।उन्होंने कहा कि जब किसी शरीर से आत्मा निकलती है, तो वह विभिन्न योनियों में भटकती रहती है। इसलिए मनुष्य को अपने भीतर ईश्वर और समस्त जगत के प्रति प्रेम एवं सद्भाव का भाव विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों और संप्रदायों के लोगों में एक ही आत्मा का वास होता है। ईश्वर ने धर्म और संप्रदाय नहीं बनाए, इसलिए कहा जाता है कि ईश्वर एक है। प्रवचनकर्ता ने उपस्थित श्रद्धालुओं से भगवान शिव की भक्ति करने का आह्वान करते हुए कहा कि शिव के बिना इस संसार की कल्पना भी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की कृपा से ही मनुष्य को सद्बुद्धि, विवेक और जीवन का सही मार्ग प्राप्त होता है। कार्यक्रम में भाजपा नेता महेंद्र सिंह यादव, संजय जी, कलेंद्र, धीरज कुमार, संजय कुमार सहित हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब ऑफ नालंदा ने किया महोगनी एवं नीम के पौधों का वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लायंस क्लब ऑफ नालंदा की ओर से रविवार को रहुई रोड स्थित मोगल कुआं के निकट सागर हॉस्पिटल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब के सदस्यों ने महोगनी एवं नीम के कई पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वृक्षारोपण के बाद सभी पौधों की सुरक्षा के लिए बांस की घेराबंदी भी की गई, ताकि वे सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ, गो ग्रीन, गो हेल्दी और बिलीव्स इन टीम वर्क का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब के अध्यक्ष लायन मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि एक वृक्ष मां के समान होता है।

महोगनी और नीम जैसे वृक्ष न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अमूल्य धरोहर साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब ऑफ नालंदा सामाजिक सेवा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है तथा भविष्य में भी वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य जांच शिविर जैसे जनहित के कार्यक्रम आयोजित किए जाते




रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष लायन मनीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरपर्सन लायन राकेश कुमार बर्नवाल, सचिव डॉ. राजीव कुमार तथा कोषाध्यक्ष दिवाकर सिंह सहित क्लब के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम में रवि शंकर कुमार गुप्ता, सुशील कुमार, मुकेश कुमार मेहता, मोहम्मद कजाफी, प्रो. संजय कुमार, राज रोशन, प्रमोद कुमार, प्रहलाद कुमार, डॉ. सुब्बीर कुमार, डॉ. बिरमनी कुमार, डॉ. अभिषेक भूषण, डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. अस्मिता कुमारी (दंत रोग विशेषज्ञ), डॉ. शुभम रंजन आनंद, राजकमल प्रसाद, राजीव सिंह, रवि किशोर बर्नवाल, राहुल कांत, अजय कुमार निराला, अर्ष राज (डीबीएस ग्लोबल यूनिवर्सिटी, देहरादून), धर्मेंद्र कुमार मेहता, सीए सुभाष कुमार, सीए अनुज कुमार सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# रेड क्रॉस सोसाइटी के स्वास्थ्य जांच शिविर में 220 मरीजों का हुआ नि:शुल्क इलाज

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा रविवार को विस्तारित भवन, श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में बिहारशरीफ के विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कुल 220 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया। साथ ही 40 लोगों की मधुमेह (ब्लड शुगर) की जांच भी की गई। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतीश कुमार ने 35 मरीजों, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 40 मरीजों, फिजिशियन डॉ. दीनानाथ वर्मा, डॉ. उमेश कुमार सिन्हा, डॉ. अखिलेश कुमार एवं डॉ. इंद्रजीत कुमार ने संयुक्त रूप से 70 मरीजों, हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक कुमार ने 40 मरीजों, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मृति सिन्हा ने 15 मरीजों, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 15 मरीजों तथा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार ने 25 मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। चिकित्सकों ने विभिन्न रोगों से संबंधित समस्याओं की जांच कर मरीजों को आवश्यक दवाओं, उपचार और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की जानकारी दी। शिविर में पहुंचे लाभार्थियों ने रेड क्रॉस




सोसाइटी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रहे हैं। रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बताया कि यह साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर आगे भी प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को निरूशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। शिविर के सफल संचालन में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार एवं मोहम्मद अखलाक अहमद सहित आजीवन सदस्य चंद्रमणि कुमार, राकेश कुमार पंकज, साधु शरण प्रसाद, नागेंद्र कुमार, कुणाल गौरव, नीतीश पंडित, रविंद्र कुमार, प्रो. स्वधर्म, अरुण कुमार एवं संजय कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी सदस्यों ने मरीजों के पंजीकरण, कतार प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया, जिसकी लोगों ने सराहना करते हुए उनकी सेवा भावना को शिविर की सफलता का आधार बताया।

# नूरसराय में भीषण सड़क हादसा: मारुति कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट, नूरसराय (नालंदा)।** नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत एसएच–78 पर मुजफ्फरपुर गांव के उटा खंधा के समीप रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मारुति कार का चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घटनास्थल पर सड़क का एक हिस्सा खून से लाल हो गया। मृतकों की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के बिजवनपर निवासी सिद्धेश्वर प्रसाद के 40 वर्षीय पुत्र बलराम कुमार तथा लहेरी थाना क्षेत्र के मेहरपर निवासी महेश प्रसाद के 40 वर्षीय पुत्र अमित राज के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि बलराम कुमार जीपीएस और सीसीटीवी कैमरा लगाने का कार्य करते थे। रविवार को दोनों बाइक से पटना से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान उटा खंधा के समीप तेज रफ्तार मारुति कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही नूरसराय थाना के दारोगा धीरज कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ स्थित मॉडल सदर अस्पताल भेज दिया तथा दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। दुर्घटना की खबर मिलते ही दोनों मृतकों के परिजन मॉडल सदर अस्पताल पहुंच गए। अपनों की मौत की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में चीख–पुकार और मातम का माहौल छा गया। नूरसराय थाना पुलिस ने बताया कि फिलहाल मामले में परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, दुर्घटना के बाद फरार मारुति कार और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

# पैर फिसलने से ट्रेन से कटकर मौत, इस्लामपुर रेलवे स्टेशन पर की घटना

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट, इसलामपुर (नालंदा)।** नटेशर – फतुहा रेलखंड पर इसलामपुर रेलवे स्टेशन पर इसलामपुर – नटेशर ट्रेन की चपेट मे आने से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक व्यक्ति इसलामपुर नगर के मोहल्ला मुर्गीयाचक निवासी बालदेव प्रसाद का पुत्र प्रदीप कुमार बतलाया जाता है। सूत्रो से प्राप्त समाचार के अनुसार मृतक प्रदीप कुमार हिलसा में रेलवे स्टेशन पर चतुर्थ वर्ग कर्मचारी पद पर कार्यरत था । वह रोजाना की तरह ट्रेन से ही आना–जाना करते थे। मृतक व्यक्ति हिलसा से फतुहा नटेशर ट्रेन पकड़ कर इसलामपुर आये थे कि इसलामपुर स्टेशन पर उतरने के दौरान उनका पैर फिसल जाने के कारण ट्रेन के नीचे गिर गए।और ट्रेन के चपेट मे आने से उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही इसलामपुर थाना पुलिस एवं रेलवे थाना पुलिस ने मृतक व्यक्ति के परिजनों को सूचना देकर मृतक व्यक्ति के शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम मे भेजने की तैयारी में लगी हुई थी।

# यौन शोषण के आरोपी सहित पांच वारंटी गिरफ्तार, पांच लोगों के घर हुई कुर्की जब्ती

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट, इसलामपुर (नालंदा)।** इसलामपुर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग – अलग स्थानों इसलामपुर बाजार मे छापेमारी कर वर्षों से फरार चार वारंटी समेत कई फरार चल रहे वारंटी के घर पर कुर्की जब्ती किया। इसलामपुर थाना मे पदस्थापीत दारोगा अरुण कुमार राय , नीतीश कुमार , योगेंद्र यादव , अरुण कुमार यादव ने बतलाया कि इसलामपुर बाजार मे छापेमारी कर वारंटी पिंटू गोस्वामी, अमरनाथ गोस्वामी, सिद्धनाथ गोस्वामी एवं जगदीश गोस्वामी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे हिलसा जेल भेज दिया। दूसरी ओर इसलामपुर थाना क्षेत्र के दानापुर गांव निवासी दीपक कुमार को छापेमारी कर यौन शोषण , अनैतिक देह व्यापार करवाने एवं एस०सी०–एस०टी० एक्ट के मामले फरार चल रहे वारंटी दीपक कुमार उर्फ जनक बिंद को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे हिलसा जेल भेज दिया। इधर पुलिस ने कई सालों से फरार चल रहे वारंटी इसलामपुर थाना क्षेत्र के ईचहोस गांव निवासी रामईश्वर सपेरा, अर्जुन सपेरा , एवं इसलामपुर नगर के सत्यारगंज मुहल्ला निवासी मो०जमाली ,मो ० सोलडेन तथा इसलामपुर बाजार निवासी कपिल प्रसाद के पुत्र संतोष कुमार जो कई महीनों से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे वारंटी के घर को पुलिस ने कुर्की जब्ती किया।







अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

